Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UPPSC
# ACF RFO
## Previous Year Paper
### Mains 2019 (Hindi)

Teachingninja.in

QCA/BC : LEO-51

# 2019

## सामान्य हिन्दी एवं निबंध

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 200

### विशेष अनुदेश

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने लिखे हुए हैं।

(iii) निर्धारित स्थान के अलावा किसी भी दूसरी जगह पर अनुक्रमांक, नाम, पता और मोबाइल नंबर आदि न लिखें।

### प्रथम खण्ड – सामान्य हिन्दी

1. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

पशुत्व से मनुष्यत्व में जिस प्रकार अधिक ज्ञान–प्रसार है उसी प्रकार अधिक भाव–प्रसार भी। पशुओं के प्रेम की पहुँच प्रायः अपने जोड़े, बच्चों या खिलाने–पिलाने वालों तक ही होती है। इसी प्रकार उनका क्रोध भी अपने सतानेवालों तक ही जाता है, स्ववर्ग या पशु मात्र को सतानेवालों तक नहीं पहुँचता। पर मनुष्य में ज्ञान–प्रसार के साथ भाव–प्रसार भी क्रमशः बढ़ता गया है। अपने परिजनों, अपने संबंधियों, अपने पड़ोसियों, अपने देशवासियों, क्या मनुष्य मात्र और प्राणिमात्र तक से प्रेम करने की जगह उसके हृदय में बन गयी है। मनुष्य की त्योरी मनुष्य को ही सतानेवालों पर नहीं चढ़ती, गाय–बैल और कुत्ते–बिल्ली को सतानेवाले पर भी चढ़ती है। पशु की वेदना देखकर भी उसके नेत्र सजल होते हैं। बंदर को शायद बंदरिया के मुँह में ही सौंदर्य दिखायी पड़ता होगा; पर मनुष्य पशु–पक्षी, फूल–पत्ते और रेत–पत्थर में भी सौंदर्य पाकर मुग्ध होता है। इस <u>हृदय–प्रसार का स्मारक स्तंभ काव्य है जिसकी उत्तेजना से हमारे जीवन में एक नया जीवन आ जाता है</u>। हम सृष्टि के सौंदर्य को देखकर रसमान होने लगते हैं; कोई निष्ठुर कार्य हमें असह्य होने लगता है, हमें जान पड़ता है कि हमारा जीवन कई गुना बढ़कर सारे संसार में व्याप्त हो गया है। <u>कवि–वाणी के प्रसार से हम संसार के सुख–दुख, आनंद–क्लेश आदि का शुद्ध स्वार्थमुक्त रूप में अनुभव करते हैं</u>। इस प्रकार के अनुभव के अभ्यास से हृदय का बंधन खुलता है और मनुष्यता की उच्च भूमि की प्राप्ति होती है।

(क) इस अवतरण का शीर्षक लिखिए। (4)

(ख) ज्ञान और भाव प्रसार का अर्थ स्पष्ट कीजिए। (5)

(ग) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए। (6)

(घ) उपर्युक्त अवतरण का संक्षेपण कीजिए। (15)



Teachingninja.in

2. वैयक्तिक और व्यावसायिक पत्र का अंतर स्पष्ट करते हुए व्यावसायिक पत्र का एक उदाहरण दीजिए। (20)

3. 'संधि' का अर्थ समझाते हुए तीन 'स्वर संधि' की परिभाषा उदाहरण के साथ लिखिए। (10)

4. ब्रजभाषा और भोजपुरी के भौगोलिक क्षेत्र का निर्देश करते हुए दोनों के बीच भाषिक अंतर को स्पष्ट कीजिए। (10)

5. निम्नलिखित लोकोक्तियों और मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (25)

(क) अंधे की लकड़ी

(ख) एक पंथ दो काज

(ग) घुटने टेकना

(घ) सिक्का जमाना

(ङ) हाथ बँटाना

6. निम्नलिखित शब्दों के 'तद्भव' शब्द लिखिये। (5)

आश्चर्य, अक्षि, कुष्ट, चक्र, प्रस्तर

## द्वितीय खण्ड – निबंध

7. उपखण्ड (अ) और (ब) में से एक–एक निबंध लिखिए। प्रत्येक निबंध का आलेखन 700 शब्दों से ज्यादा न हो। (50×2=100)

### उपखण्ड (अ)

(i) सांस्कृतिक मूल्य संरक्षण में साहित्य की भूमिका।

(ii) भारतीय उद्योग और व्यापार की प्रगति।

(iii) राष्ट्रीय विकास योजनाओं का उत्तर प्रदेश में क्रियान्वयन।

### उपखण्ड (ब)

(i) कोविड–19 महामारी में भारत की चुनौतियाँ।

(ii) चीन के साथ भारत का सीमा विवाद : समस्या और निदान।

(iii) वैश्विक पर्यावरण संकट के निराकरण में भारत का योगदान।

..............XX.............

Teachingninja.in